>

Title: Need to provide a drainage system in Shahjahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

***श्री मिथिलेश कुमार (शाहजहांपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर में पानी की निकासी की पूर्ण व सही व्यवस्था न होने के कारण क्षेत्रवासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जो अस्थाई पानी निकासी के प्रबंध किये हैं वे अब किसी काम के नहीं हैं। जनसंख्या दबाव बढ़ने के कारण निकासी सही नहीं हो पाती। जिससे जगह-जगह पानी का कटाव होकर गड्ढों और तालाब जैसी हालत हो गई है। ऊपर से पानी में पनपने वाली बीमारियों ने अलग हालत खराब कर रखी है। स्वास्थ्य दिन पर दिन बिगड़ता जा रहा है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर में केन्द्रीय योजना के तहत पानी की निकासी हेतु उचित योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन किया जाए।